समाचार

# महापौर ने किया वार्ड क्र. 20 एवं 32 का दौरा

(बस्तीवासियों से की भेंट, ली समस्याओं की जानकारी, निराकरण के दिए निर्देश)

कोरबा 26 दिसम्बर 2020 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज निगम के वार्ड क्र. 20 एवं वार्ड क्र. 32 की बस्तियों का दौरा किया। उन्होने वहां के निवासियों से भेंट कर उनकी विकास संबंधी आवश्यकताओं व समस्याओं की जानकारी ली तथा निराकरण के संबंध में त्वरित कार्यवाही करने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, पार्षद अजय गोंड़ एवं नारायणदास महंत के साथ निगम के अधिकारीगण उपस्थित थे।

महापौर श्री प्रसाद ने आज समस्याओं का जायजा लेने वार्ड क्र. 20 का दौरा किया। उन्होने फलोद्यान के समीप निर्मित किए जा रहे कामकाजी महिलाओं के हास्टल से सुभाष चौक मार्ग तक आवागमन के लिए सड़क निर्माण की आवश्यकता को देखते हुए तत्संबंध में शीघ्र आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान वार्ड में स्थित उड़िया बस्ती में पैदल भ्रमण कर उन्होने बस्तीवासियों से मुलाकात की। इस दौरान बस्तीवासियों ने पानी निकासी की समस्या से महापौर को अवगत कराया, जिस पर उन्होने नाली निर्माण के संबंध में कार्यवाही करने अधिकारियों को निर्देश दिए, बस्तीवासियों ने अपने सार्वजनिक व सामाजिक कार्यो के लिए सामुदायिक भवन निर्माण कराए जाने का अनुरोध महापौर से किया, जिस पर उन्होने अभियंताओं को कार्यवाही करने को कहा। महापौर श्री प्रसाद भ्रमण के दौरान वार्ड क्र. 32 का दौरा किया तथा रिसदी बाईपास रोड सतनाम नगर में सड़क का मरम्मत व नाली निर्माण की आवश्यकता को देखते हुए इस पर भी कार्यवाही करने अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होने वहां पर स्थित ज्ञान ज्योति शासकीय नवीन प्राथमिक शाला नया रिसदा के परिसर का जायजा लिया तथा वहां की व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

<u>एस.एल.आर.एम.सेंटर का किया निरीक्षण</u>– भ्रमण के दौरान महापौर श्री प्रसाद ने वार्ड क्र. 20 में फलोद्यान के पीछे स्थित निगम के एस.एल.आर.एम.सेंटर में पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होने सेंटर में उपस्थित स्वच्छता दीदियों से मुलाकात की तथा सूखे एवं गीले कचरे के पृथकीकरण प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होने कहा कि एस.एल.आर.एम.सेंटर में साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखें, व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखें, परिसर में कचरे का फैलाव न हों, चूंकि सेंटर के नजदीक में बस्ती स्थित है, अतः बस्तीवासियों को स्वच्छता को लेकर अनावश्यक रूप से कोई परेशानी उत्पन्न न हो, अतः सेंटर की साफ–सफाई के प्रति गंभीरता से कार्य करें।